


# पंचदश बिहार विधान सभा

## षोडश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-15 मंगलवार, दिनांक-31 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.13 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नकाल :-

''प्रश्नकाल शुरू होते ही नेता, विरोधी दल, श्री नन्द किशोर यादव ने दिनांक 30 मार्च, 2015 को राज्य में अचानक आयी बारिश एवं आंधी से हुई फसल एवं जान-माल की क्षति पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया ।

सरकार की ओर से मा० मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी ने सदन को अवगत कराया कि कल की प्राकृतिक आपदा पर सरकार गंभीर है तथा पूरे राज्य में इससे हुई क्षति के आकलन एवं निदान के लिए मा० मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज ही 12.30 बजे अपराह्न में बैठक आयोजित की गयी है ।''

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-'ख' 21 अगली तिथि के लिए स्थगित ।

(iii) 02 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iv) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(v) 02 तारांकित प्रश्न संख्या-'क' 554 एवं 721 अगली तिथि के लिए स्थगित ।

(vi) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-715 पंचायती राज विभाग में स्थानान्तरित ।

(viii) 58 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह, श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री प्रेम कुमार, श्री जनक सिंह, श्री तारकिशोर प्रसाद, श्री कुमार शैलेन्द्र एवं श्री संजय सिंह (टाइगर) से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गयी ।

[3] **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री प्रेम कुमार | (ii) | श्री अरूण शंकर प्रसाद |
| (iii) | श्री प्रदीप कुमार | (iv) | श्री दिनेश कुमार सिंह |
| (v) | श्री मदन सहनी | (vi) | डा० इजहार अहमद |

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ** :-

(i) मा० सदस्य श्री गिरिधारी यादव एवं अन्य सभासदों का दिनांक-23 एवं 27 मार्च, 2015 से स्थगित कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री गिरिधारी यादव द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री कृष्णनन्दन यादव एवं अन्य सभासदों का दिनांक-27 मार्च, 2015 से स्थगित नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री कृष्णनन्दन यादव द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iii) मा० सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iv) मा० सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद का नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

[5] **सभा मेज पर प्रतिवेदनों का रखा जाना** :-

(i) मा० सभापति, लोक लेखा समिति, श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का क्रमश: 546वाँ, 566वाँ, 570वाँ, 576वाँ, 578वाँ, 579वाँ, 580वाँ, 582वाँ, 584वाँ, 585वाँ, 587वाँ, 588वाँ एवं 589वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

''इस दौरान विपक्ष के मा० सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।''

आसन द्वारा उनसे बार-बार अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें तथा अपनी-अपनी सीट पर जायें । आसन द्वारा मा० सदस्य श्री प्रमोद कुमार को वेल में मेज के थपथपाने पर कड़ी चेतावनी दी गयी ।

आसन द्वारा पुन: विपक्ष के मा० सदस्यों से शांत रहने एवं अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किया गया परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

**समय 02.00 बजे अप० से 05.00 बजे अप० तक ।**

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरि नारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया ।)

[6] **वित्तीय कार्य** :-

**वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान** :-

माननीय प्रभारी मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा अपना पक्ष रखा गया ।

अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया:-

(i) श्री रामेश्वर पासवान
(ii) श्री सत्यदेव नारायण आर्य
(iii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(iv) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(v) श्री ज्ञानचन्द मांझी
(vi) श्री मो० आफाक आलम
(vii) श्री रणविजय कुमार
(viii) श्री विनय कुमार सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(ix) श्रीमती ज्योति रश्मि
(x) श्री अब्दुल गफूर

माननीय प्रभारी मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की मांग पर सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

तदुपरांत मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 09 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार दिनांक 01 अप्रील, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-31 मार्च, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।